ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

ANSWER SHEET – 13

Subject : Hindi Grammar 2nd Term **Class : IIB** **Date : 14.09.2020**

Topic : कहानी लेखन

समझदार चिड़िया



चुनमुन नाम की एक चिड़िया थी। वह सारे दिन इधर-उधन फुदकती रहती थी। दाना चुगती और शाम को अपने घोंसले में जाकर सो जाती। एक दिन चुनमुन चिड़िया दाना चुग रही थी। पास में ही गाय भी घास चर रही थी। तभी गाय ने गोबर कर दिया। चुनमुन गोबर के नीचे दब गई। बिल्ली भी यह नज़ारा देख देख रही थी। वह गोबर में फँसी चिड़िया को मारकर चट कर जाना चाहती थी। बिल्ली ने चिड़िया को गोबर से बाहर निकाला। तभी चुनमुन बोली ''बिल्ली मौसी, तुम मुझे बाद में खाना। पहले मुझे धो तो लो। देखो कितना गोबर लगा हैं।'' बिल्ली को उसकी बात पसंद आई। बिल्ली ने चुनमुन को नदी में नहलाकर साफ़ किया तब चुनमुन बोली, ''मौसी, मुझे सुखा तो लो।'' बिल्ली ने चुनमुन की बात मानकर उसे धूप में सुखाने के लिए ज़मीन पर रखा। तभी चुनमुन फुर्र से उड़ गई।



Sangeeta Khosla